प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 17वीं कृषि विज्ञान सम्मेलन 'कृषि कुम्भ' का आगाज आज से

पन्तनगर। 19 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा 20–22 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली 17वीं कृषि विज्ञान सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय कुलाधिपति, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह जी के कर कमलों से आज पूर्वाह्न 10:00 बजे किया जायेगा। इस सम्मेलन के संयोजक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान और आयोजन सचिव निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन है। इस सम्मेलन में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक, मूर्धन्य वैज्ञानिक प्रो. आर.वी. सिंह, पूर्व महानिदेशक आईसीएआर डा. आर.एस. परोडा, डा. पंजाब सिंह तथा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के सचिव डा. डब्लू एस लाकरा एवं डा. ए.के. सिंह, डा. मनीष शाह, अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, एनडीडीबी आनन्द एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक एवं उनके प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

तीन–दिवसीय सम्मेलन में कुल 11 विभिन्न विषयों के अन्तर्गत तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे, जिसमें विभिन्न तकनीकी सत्रों के अलावा चार पैनल डिस्कशन, छः सिम्पोजिया तथा एक कार्यशाला, स्टाटप फन्डींग एवं जॉब फेयर, इन्टर यूनिवर्सिटी स्टूडेन्ट एलोक्योशन कान्डेस्ट, एएससी एग्री एक्पो 2025 का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, फ्रांस, स्लोविनिया समेत कई देशों से वैज्ञानिक एवं शोध छात्रों के साथ–साथ अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान जैसे इक्रीसेट, एफएओ, इलरी आदि से 3,500 से अधिक डेलिगेट प्रतिभाग करेंगे। इस सम्मेलन में नीति निधारण कर्ता, वैज्ञानिक, छात्र, किसान एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के भी प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

प्रशासनिक भवन।